भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5160

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

अरूणाचल प्रदेश में विमान दुर्घटनाएं

5160. श्रीमती अगाथा के. संगमा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अरूणाचल प्रदेश में रक्षा विमानों की कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं;

(ख) इन विमान दुर्घटनाओं के क्या कारण हैं; और

(ग) विशेषकर अरूणाचल प्रदेश में विमान दुर्घटनाओं को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : अरूणाचल प्रदेश में रक्षा विमानों की 15 दुर्घटनाएं हुई हैं।

(ख) और (ग) : प्रत्येक विमान दुर्घटना में जांच अदालत द्वारा दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जाती है और जांच अदालतें (कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी) पूरी होने पर उनकी सिफारिशों को लागू किया जाता है।

****